>

Title: Reported attack on tribal students in Vishesh Kendriya Vidyalaya hostel premises by hooligans.

श्री किरेन रिजीजू (अरूणाचल पश्चिम): सभापति महोदय, दिल्ली के बगल में, गाजियाबाद में केन्द्र सरकार का एक विशेष केन्द्रीय विद्यालय है, जिसमें अरुणाचल प्रदेश, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति जिले के ट्रायबल विद्यार्थियों को एडमीशन दिया जाता है। 25 तारीख को कम से कम 80 गुंडा प्रवृत्ति के लोग बंदूक और पिस्तौल लेकर होस्टल में घुस गए और वहां बॉर्डर एरिया के जितने भी स्टूडेंट्स हैं, उन सब की गन पाइंट पर पिटाई की, सबके बाल कटवा दिए हैं तथा बहुत खराब हालत की। इस कारण जितने भी स्टूडेंट हैं, वे सब होस्टल से बाहर हो गए हैं। मैं आपके माध्यम से सेंट्रल गवर्नमेंट से यह मांग करना चाहता हूं कि वहां के प्रिंसीपल को, जिनके सामने यह घटना घटित हुई है, उन्हें और जितने भी गुंडा प्रवृत्ति के लोग होस्टल में घुसे थे उन सभी को इमीडिएटली अरैस्ट किया जाए। अगर ऐसा नहीं किया जाएगा, तो मैं इस मैसेज को अरुणाचल और लद्दाख में जाकर फ्लैश करूंगा। यह देश की एकता और अखंडता के लिए खतरा होगा। मेरी मांग है कि इस पर जल्दी से जल्दी एक्शन होना चाहिए।

सभापति महोदय : अब केवलमात्र दो माननीय सदस्य जो यहां प्रेजैंट हैं, उनका और कतिपय अन्य माननीय सदस्य का मैटर नोटिस्ड है तथा स्टेट से संबंधित मैटर है, लेकिन मैं विशेष रूप से, एज ए स्पेशल केस, इन दोनों माननीय सदस्यों को अपनी बात कहने के लिए एलाऊ करता हूं।